प्रेस नोट दि0-07.11.2024 जनपद प्रतापगढ़

थाना मान्धाता, जनपद- प्रतापगढ

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

हत्या का प्रयास व गाली गलौज के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

गिरफ्तार अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद राड बरामद

थाना मान्धाता पुलिस टीम नें थाना क्षेत्रान्तर्गत पनियारी बाजार से 01अभियुक्त गिरफ्तार

घटना का संक्षिप्त विवरण-
दिनांक 06.11.2024 को थाना मान्धाता क्षेत्रान्तर्गत निवासी ग्राम अकारीपुर में वादिनी व उसके परिजनों के साथ आरोपीगणों द्वारा एकराय होकर गाली गलौज व जान लेने के नियत से राड से हमला करने, आरोपों में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-164/24 धारा 352/109 बी0एन0एस0 बनाम 03 नामजद अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक श्री सुभाष कुमार यादव थाना मान्धाता के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 मो० रिजवान खाँ मय हमराही उ0नि0 अलंकार यादव द्वारा आज दिनांक 07.11.2024 को देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-164/24 धारा 352/109 बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त जिब्राईल पुत्र इसराईल निवासी ग्राम अकारीपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के पनियारी बाजार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर धटना में प्रयुक्त 01 अदद राड बरामद किया गया।

पूछताछ का विवरण-
गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मेरा नाम जिब्राईल पुत्र इसराईल नि0 अकारीपुर थाना मान्धाता, प्रतापगढ़,है। घटना में प्रयुक्त राड के संबंध में पूछने पर बताया कि मारपीट होने के बाद मैं वह राड वही तालाब के पास ही फेक दिया था, यदि आप चाहे तो मैं दे सकता हूँ। तत्पश्चात हम पुलिस वाले जिब्राईल को लेकर बताये गये तालाब के पास पहुंचे। जिब्राइल द्वारा घास से एक अदद राड उठाकर दिया गया तथा बताये कि साहब यह वही राड है जिससे मैंने रहमत अली के सर पर मारा था।

गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरण -
1- जिब्राईल पुत्र इसराईल निवासी ग्राम अकारीपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी- घटना में प्रयुक्त 01 अदद राड बरामद

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम - उ0नि0 मो० रिजवान खाँ मय हमराही उ0नि0 अलंकार यादव थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़।

थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी

थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01अवैध तमन्चा 315 बोर व 02 अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत जेल के पीछे रेलवे कालोनी मोड़ के पास से 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिव नारायण वैश के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह थाना कोतवाली नगर के नेतृत्व में उ0नि0 लक्ष्मीकांत शर्मा हमराह का0 अजीत पटेल, का0 दिलीप कुमार, का0 हिमांशू पौनिया, चालक का0 योगेन्द्र कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 01- सचिन कुमार गौतम पुत्र स्व0 रामसमुझ निवासी ग्राम सिलोखर थाना अमेठी जनपद अमेठी, 02- राजेश कुमार पुत्र जगदेव निवासी नैनहा थाना अमेठी जनपद अमेठी को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत जेल के पीछे रेलवे कालोनी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

उक्त बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 613/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-
01- सचिन कुमार गौतम पुत्र स्व0 रामसमुझ निवासी ग्राम सिलोखर थाना अमेठी जनपद अमेठी।
02- राजेश कुमार पुत्र जगदेव निवासी नैनहा थाना अमेठी जनपद अमेठी।

बरामदगी- 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-
उ0नि0 लक्ष्मीकांत शर्मा हमराह का0 अजीत पटेल, का0 दिलीप कुमार, का0 हिमांशू पौनिया, चालक का0 योगेन्द्र कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़

थाना फतनपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना फतनपुर के उ0नि0 शेषनाथ यादव मय हमराह कां० रामनिवास द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान अ0सं0- 106 /93 धारा 323, 324 भादवि0 थाना फतनपुर से संबंधित वारण्टी अभियुक्त गिरधित उर्फ रामकुमार उर्फ रामअजोर पुत्र जमुना निवासी मेडुआडीह थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त का विवरण-

गिरधित उर्फ रामकुमार उर्फ रामअजोर पुत्र जमुना निवासी मेडुआडीह थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम-

उ0नि0 शेषनाथ यादव मय हमराह कां० रामनिवास थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़।